आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 27.01.2025 समय : 0705

<><><><><><><><>

1. राष्ट्र ने कल छिहत्तरवां गणतंत्र दिवस मनाया। नई दिल्ली में कर्तव्य–पथ पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ध्वजारोहण किया।

2. द्वीपों का मुख्य कार्यक्रम श्री विजयपुरम के मरीना पार्क में आयोजित हुआ।

3. उनतीस जनवरी को होने वाले बीटिंग रिट्रीट समारोह के लिए आज फुल ड्रेस रिहर्सल के लिए विशेष यातायात व्यवस्था।

4. अंडमान और निकोबार कमांड की ओर से कल ब्रिचगंज सैन्य स्टेशन में विशिष्ट लोगों के लिए समारोह का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

राष्ट्र ने कल छिहत्तरवें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर सैन्य शक्ति और सांस्कृतिक विरासत का भव्य प्रदर्शन किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ध्वजारोहण किया। इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय समर स्मारक जाकर देश के लिए प्राणों की आहुति देने वाले वीरों को पुष्पांजलि अर्पित की। इस वर्ष के गणतंत्र दिवस परेड में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो मुख्य अतिथि थें। परेड में भारत की सभ्यता, संस्कृति और वैज्ञानिक प्रगति को दर्शाने वाली मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गईं। परेड में तीन सौ कलाकारों ने देशभर के वाद्ययंत्रों की धुन पर सारे जहां से अच्छा गीत का प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश की झांकी में महाकुंभ की झलक दिखाई गई। समारोह के दौरान हैलिकॉप्टरों ने ध्वज की आकृति में पुष्पवर्षा की। झांकियों में टी–90 टैंक, नाग मिसाइल प्रणाली, ब्रह्मोस, पिनाका रॉकेट सिस्टम, अग्निबाण रॉकेट लॉन्चर, आकाश शस्त्र प्रणाली, युद्ध क्षेत्र निगरानी प्रणाली, बारामासी वाहन चेतक और हल्के वाहन बजरंग का प्रदर्शन किया गया। सुखोई एक सौ तीस एम के आई ने त्रिशूल की आकृति बनाई। परेड में दस हजार विशिष्ट अतिथि आमंत्रित किये गए थे। इनमें सरपंच, हथकरघा और हस्तशिल्प कारीगर, स्व–सहायता समूहों के सदस्य, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा सड़क निर्माण से जुड़े कामगार शामिल हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में भी कल छिहत्तरवें गणतंत्र दिवस का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य समारोह श्री विजयपुरम के मरीना पार्क में आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपराज्यपाल एडमिरल डीके

जोशी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। परेड में सेना, नौसेना, वायु सेना, तटरक्षक बल, अंडमान निकोबार पुलिस, स्काउट्स और गाईड्स तथा एन सी सी की टुकड़ियों और बैंडों ने भाग लिया। कार्यक्रम में नागरिकों और सरकारी कर्मचारियों को उनके योगदान के लिए उपराज्यपाल प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए, उपराज्यपाल ने कहा कि बीते छः–सात वर्षों में एक लाख करोड़ रूपये से अधिक राशि द्वीपसमूह की प्रगति के लिए निवेश किए जा चुके हैं।

उप–राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि द्वीपों में अंतरद्वीपीय एयर कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

एडमिरल डी के जोशी ने कहा कि पर्यटन गतिविधियों में बर्ड वाचिंग, कारावान और लक्ज़री टेन्ट्स को बढ़ावा देने के लिए नीतियां तथा सिंक आइलैंड में डे–टूरिज़्म को आरंभ करने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया बनाई गई है। कार्यक्रम में द्वीपों के विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की झलक झांकियों के माध्यम से प्रदर्शित की गई। समारोह में मोटरसाइकिल चालकों ने हैरतअंगेज प्रदर्शन कर दर्शकों का आकर्षण अपनी ओर खींचा। स्कूली बच्चों ने विभिन्न राज्यों के मनमोहक नृत्यों की प्रस्तुतियां दीं। मरीना पार्क के अलावा द्वीपों के विभिन्न भागों में भी गणतंत्र दिवस मनाया गया। वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में गणतंत्र दिवस मनाया गया।

<><><><><><><>

उनतीस जनवरी को होने वाले बीटिंग रिट्रीट समारोह के लिए आज फुल ड्रेस रिहर्सल होगा। इसके लिए विशेष यातायात व्यवस्था की गई है। उपराज्यपाल और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के वाहन नेताजी स्टेडियम के अंदर पार्क किए जाएंगे। "पी" कार्ड धारक अपने वाहन अंडमान क्लब के पास और साई स्पोर्ट्स हॉस्टल के सामने पार्क कर सकते हैं। "पी–वन" पार्किंग कार्ड धारक वाहन मॉडल स्कूल, घंटाघर, जिमखाना क्रॉसिंग से नेताजी स्टेडियम पहुंचेंगे। बिना पार्किंग लेबल वाले अन्य सभी वाहन जलक्रीड़ा परिसर के पास पार्क किए जाएंगे। अबरडीन बाजार से साउथ प्वाइंट और इसके विपरीत जाने वाले वाहनों को शाम साढ़े तीन बजे से समारोह समाप्त होने तक मॉडल स्कूल क्रॉसिंग, ए पी डब्ल्यू डी क्रॉसिंग, मुरुगन मंदिर, सिद्दीकी जंक्शन से शादीपुर जंक्शन के रास्ते से जाना होगा। अबरडीन जेट्टी से नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वीप और नॉर्थ–बे तक पर्यटकों को ले जाने वाली निजी पर्यटक जलयानों को, उनतीस जनवरी को जंगलीघाट जेट्टी से संचालित करना होगा।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में रहने वाले सभी महानुभवियों के लिए कल अंडमान और निकोबार कमांड की ओर से सेना घटक ने नारियल बागीचा स्थित ब्रिचगंज सैन्य स्टेशन में एक समारोह का आयोजन किया गया। अंडमान और निकोबार कमांड के कमांडर–इन–चीफ ने एयर मार्शल साजू बालकृष्णन इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने सभी अतिथियों के समक्ष अण्डमान निकोबार कमान द्वारा आयोजित विभिन्न आउटरीच कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला, जिसका उद्देश्य सेना, नौसेना, वायु सेना के दिग्गजों और वीर–महिलाओं के साथ उनकी भलाई, स्वास्थ्य देखभाल और उनके प्रश्नों के समयबद्ध समाधान के लिए समन्वय स्थापित करना था।

<><><><><><><>

वीर गाथा फोर प्वाइंट–ओ प्रतियोगिता में अंतिम सौ प्रतिभागियों में स्थान पाने पर श्री विजयपुरम के कामराज अंग्रेजी माध्यम स्कूल की छात्रा शमीना को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन द्वारा सम्मानित किया गया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कल उन्हें नई दिल्ली मे आयोजित हुए कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। यह प्रतियोगिता देश भर के शिक्षण संस्थानों को सशक्त बनाने और छात्रों के कौशल और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।

<><><><><><><>

केंद्र ने एकीकृत पेंशन योजना, यू पी एस के कार्यान्वयन को आधिकारिक तौर पर अधिसूचित कर दिया है। सरकार ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत एक विकल्प के रूप में पिछले वर्ष अगस्त में एकीकृत पेंशन योजना शुरू की थी। यह योजना इस साल एक अप्रैल से लागू होगी।

<><><><><><><>